अब्दुल्लाह बिन अब्बास (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) तथा मुह़म्मद बिन ह़नफिया से पूछा गया कि क्या नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने (आप लोगों के लिए) कुछ छोड़ा है? तो दोनों ने उत्तर दिया कि आपने उसके सिवा कुछ नहीं छोड़ा, जो दो दफ़्तियों के बीच है।

अब्दुल अज़ीज़ बिन रुफ़ै कहते हैं कि मैं तथा शद्दाद बिन माक़िल अब्दुल्लाह बिन अब्बास (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) के पास आए और शद्दाद बिन माक़िल ने उनसे पूछा : क्या
नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने (आप लोगों के लिए) कुछ छोड़ा है? उन्होंने उत्तर दिया : आपने उसके सिवा कुछ नहीं छोड़ा, जो दो दफ़्तियों के बीच है। वह आगे कहते हैं :
हम मुहम्मद बिन हनफ़िया के पास पहुँचे और उनसे पूछा, तो उन्होंने भी कहा : आपने उसके सिवा कुछ नहीं छोड़ा, जो दो दफ़्तियों के बीच है। [सह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/10838